स्मरण पत्र

राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक : एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2019 /4340 दिंनाकः–15.07.19

समस्त प्राचार्य,
राजकीय महाविद्यालय / राजकीय विधि महाविद्यालय,
राजकीय कन्या महाविद्यालय।

विषयः– वर्ष 2020 (02 जनवरी 2020 से दिसम्बर 2020) में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) भी सूची भेजने बाबत।

संदर्भः– आयुक्तालय के पूर्व पत्र क्रमांकः एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2019 / 3113 दिंनाक 09.04.2019 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि वर्ष 2020 (02 जनवरी 2020 से दिसम्बर 2020) में आपके महाविद्यालय / कार्यालय में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) की सूचना अलग–अलग (शैक्षणिक / अशैक्षणिक) निम्न प्रपत्र में भरकर इस कार्यालय को दिनांक 31.05.2019 तक ईमेल आईडी jdadmn.cce@gmail.com पर भिजवाया जाना था।

परन्तु बडे खेद का विषय है कि उक्त तिथि तक कुल 252 राजकीय महाविद्यालयों में से मात्र 139 राजकीय महाविद्यालय एवं 5 सहायक निदेशक कार्यालय में से दो ही कार्यालय से सूचना प्राप्त हुई है तथा कुछ महाविद्यालयों द्वारा सूची के साथ विभागीय जांच नही होने का प्रमाण पत्र भी नही भिजवाया गया है। आपको ज्ञातव्य हो कि सेवानिवृति हेतु प्रस्ताव राज्य सरकार को छः माह पूर्व प्रेषित करने होते है। राज्य सरकार को भेजे जाने वाले प्रस्ताव देरी से भिजवाये जाने पर आप स्वंय जिम्मेदार होगे। अगर आपके महाविद्यालय / कार्यालय से कोई कार्मिक सेवानिवृत नही हो रहा है फिर भी उसकी सूचना शून्य कर भिजवाये।

अतः आपकों पुनः आदेशित किया जाता है कि आपके महाविद्यालय से वर्ष 2020 में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों / कर्मचारियों (प्राचार्य सहित) की सूचना कार्मिक के सेवा रिकॉर्ड से मिलान कर तथा विभागीय जांच ना होने के प्रमाण पत्र सहित दिनांक 31.08.2019 तक आवश्यक रूप से ईमेल आईडी jdadmn.cce@gmail.com पर भिजवाये। अन्यथा देरी से सूचना प्राप्त होने पर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा। जिसके लिए आप स्वंय जिम्मेदार होगें।

(हस्ताक्षर) 12/7/19

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राज0 जयपुर।

क्रमांक : एफ26(ए / 18)प्रशा. / आकाशि / 2019 /4340 दिंनाकः–

प्रतिलिपि सूचनार्थ :–

1. शासन उप सचिव शिक्षा ग्रुप–3 राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय जयपुर।
2. संयुक्त निदेशक (एचआरडी), आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राज0 जयपुर।
3. समस्त सहायक निदेशक क्षेत्रीय, कार्यालय कॉलेज शिक्षा जोधपुर / उदयपुर / कोटा / जयपुर / बीकानेर / अजमेर।
4. प्राचार्य, राजस्थान संगीत संस्थान / राजस्थान स्कुल ऑफ आर्टस् जयपुर।
5. वेबसाईट प्रभारी को साईट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ. दीपक मेहरा)
संयुक्त निदेशक (प्रशासन)
कॉलेज शिक्षा, राज0 जयपुर।

Scanned by CamScanner